हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार 30 मार्च 2025

13 जिले के कई गांवों में पहुंची जन जागृति यात्रा



14 खेड़ी जट्ट के पास कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत





## खबर संक्षेप

### बाइक बरामदगी के बाद आरोपी गया जेल

**बहादुरगढ़।** बुपनिया निवासी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की। राहुल निवासी बुपनिया 8 अक्टूबर 2024 की शाम लेकर बाइक से बहादुरगढ़ से अपने घर आया था वह अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ा था, तभी दो बाइक सवार गांव की फिरणी की तरफ से आए और पिस्तौल से उस पर जान से मारने की नियत से तीन फायर किए। थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई योमेश कुमार ने बताया कि आरोपी साहिल को एक दिन के पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई। उसकी निशानदेही से वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। हिरासत रिमांड समाप्त होने पर उसे अदालत में पेश करके वापिस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अलावलपुर स्थित ट्यूबवेल से फव्वारा सेट चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव अलावलपुर में खेत के ट्यूबवेल से चोर चोरी कर ले गए। जिला गुरुग्राम के गांव मउ निवासी विक्रम ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव अलावलपुर में खेती-बाड़ी का काम करता है तथा उसका ट्यूबवेल नंदरामपुर बास रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन के सामने अलावलपुर में है। चोर उसके ट्यूबवेल से फव्वारा सेट, 40 पाइप, टी-बैंड व 35 फीट मोटर की केबल चुरा ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### पिकअप की टक्कर से दो युवक घायल

**रेवाड़ी।** डहीना से कंवाली मार्ग पर एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। गांव नांगल भगवानपुर निवासी अमन कुमार ने खोल थाना पुलिस को बताया कि 22 मार्च को वह बाइक से डहीना से कंवाली जा रहा था। उसके पीछे अंश निवासी गांव कंवाली भी बैठा हुआ था। जब वे शाम करीब 3:30 बजे बालाजी स्कूल कंवाली के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप छोडकर भाग गया। राहगीरों ने दोनों का अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पिकअप चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### स्विफ्ट की टक्कर से दो व्यक्ति घायल

**नाहड़।** गांव झोलरी में सड़क किनारे खड़े दो व्यक्तियों का स्विफ्ट ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों को काफी चोटें आई। गांव झोलरी निवासी मुकेश ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 मार्च को रात करीब 8:30 बजे वह अपने दोस्त रुपचन्द के साथ गांव के जोहड़ के पास चौक पर खडे होकर बात कर रहा था। तभी गांव झोलरी निवासी साहिल तेज रफ्तार स्विफ्ट लेकर आया, जब वे बचने के लिए भागे तो उसने दीवार में टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर गाड़ी के नीचे आकर कुचला व रुपचन्द को भी काफी चोटें आई। चालक मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों नाहड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## छात्रों के साथ शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम उत्साहजनक

# एसएसएसआईएस में शत-प्रतिशत रहा परिणाम

बालवाटिका-1 में लक्ष्य ने प्रथम, मिशका ने द्वितीय, दृश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लडरावन के श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य किशोर कुमार शर्मा ने इसे छात्रों के साथ शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने सभी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम उत्साहजनक है। उन्होंने बताया कि बालवाटिका-1 में लक्ष्य ने प्रथम, मिशका ने द्वितीय, दृश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालवाटिका-2 में जिया और भाविक ने प्रथम, ऋषभ ने द्वितीय, जीवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालवाटिका-3 में तनिष ने प्रथम, समायरा ने द्वितीय, दिक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली में प्राची ने प्रथम, आरव राणा ने द्वितीय, सनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में अक्षिता ने प्रथम, हुनर ने द्वितीय, कनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी में अंशिका ने प्रथम, कार्तिक ने द्वितीय, नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी में हर्षिता ने प्रथम, यशमित ने द्वितीय, मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं में दिपांशी ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय, सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी में नियती ने प्रथम, नैंशी ने द्वितीय, मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में नव्या ने प्रथम, हार्दिक ने द्वितीय, साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में दिव्या ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय, कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं में इशिका ने प्रथम, निव्या ने द्वितीय, राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में दिक्षा रानी ने प्रथम, कार्तिक ने द्वितीय, दिपांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में दिक्षा दहिया ने प्रथम, कनक ने द्वितीय, मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




बहादुरगढ़। सेल्फी खिंचवाते हुए श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल का विद्यार्थी व उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत करती नीलम लाठर। फोटो: हरिभूमि

### माउंट व्यू में टॉपरों को किया पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** शनिवार को शहर के माउंट व्यू स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर व प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने बच्चों के शानदार परिणाम के लिए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विभिन्न कक्षाओं में टॉप करने वाली स्वी, मुस्कान, लक्ष्य, छाया, धीरज, गतिक, अंजली व अरनव इत्यादि ने परिजनों के साथ ही स्कूल का नाम रोशन किया। इसके अलावा पूरे साल अनुशासन का पालन करने वाले विद्यार्थियों का भी उत्साह बढ़ाया गया। उन्हें भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर व नीलम लाठर ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



बहादुरगढ़। टॉपर छात्रों को पुरस्कृत करते डीएवी परिवार के सदस्य।

### डीएवी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**बहादुरगढ़।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा तीसरी से सातवीं और नौवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इन कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, पुस्तकें और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन स्नेहा ने किया। प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने आर्य समाज के सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। स्कूल में 19 मार्च से 30 मार्च तक आर्य समाज स्थापना सप्ताह मनाया जा रहा है।



झज्जर। दिव्यांगों में सहायक उपकरण वितरित करते जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना।

## दिव्यांगों को आत्म निर्भर बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार को जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना के नेतृत्व में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सुगम बनाना रहा। कार्यक्रम में दिव्यांगों को बैटरी संचालित रिक्शा, ट्राई-साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग बड, नी-ब्रेसेस, वॉकर और एलएस बेल्ट आदि सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कहा दिव्यांगजनों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार और प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे। उनका प्रयास रहेगा कि झज्जर में रहने वाले सभी दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

## हिंदू नव वर्ष पर निःशुल्क पुस्तक मेला आज

**बहादुरगढ़।** सुनहरा कल फाउंडेशन के सहयोग से पार्षद प्रवीण कुमार द्वारा रविवार 30 मार्च को महावीर पार्क स्थित कार्यालय में निःशुल्क पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। सत्येंद्र दहिया ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में सुबह 9 बजे हवन होगा। जप्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

## गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए

जिले में गैर-मान्यता प्राप्त या अवैध रूप से संचालित स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए गए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मालिक ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित ऐसे स्कूलों की पहचान कर उन्हें तुरंत बंद कराएं। निर्देशों के अनुसार, किसी भी गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल या मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाने वाले संस्थान को जारी नहीं रहने दिया जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इन स्कूलों की सूची तैयार कर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को शीघ्र भेजने बात कही गई है। यदि कार्रवाई के बाद भी कोई अवैध स्कूल संचालित पाया जाता है, तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के अंतर्गत कक्षा एक से आठ तक के किसी भी छात्र का दाखिला गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में नहीं किया जा सकता। इससे पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।




झज्जर। अनाज मंडी परिसर में उठान कार्य में जुटे श्रमिक व अनाज मंडी परिसर में रखी सरसों की बोरियां। फोटो: हरिभूमि

## जिले में 2671.85 एमटी सरसों की खरीद, उठान कार्य भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ डीसी ने किसानों को तय समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जिले की अनाज मंडियों में सरसों की आवक में तेजी आ रही है। जिसके कारण मंडियों में सरसों की ऊंची-ऊंची ढेरियां लगी हुई है। वहीं खरीद और उठान कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि जिले में 2671.85 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है, जबकि 5804.33 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है।

उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को तय समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें और खरीदी गई सरसों की लिफ्टिंग में तेजी लाएं, ताकि मंडियों में जगह की समस्या न हो।

उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि स्टोरेज को लेकर बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करें जिससे लिफ्टिंग के कार्य में किसी प्रकार की देरी ना हो।

उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को अनाज मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।




बहादुरगढ़। स्कूल के उत्कृष्ट विद्यार्थियों के साथ दिनेश कौशिक। फोटो: हरिभूमि

## धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के राणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे सेवामूर्ति दिनेश कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक आनंद पंवार ने की।

मुख्य अतिथि दिनेश कौशिक, स्कूल प्रबंधक आनंद पंवार, मैनेजर दीपक कुमार, प्राचार्या मीनू देवी और शिक्षाविद सुनीता देवी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उप प्राचार्य सतीश शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया।

दिनेश कौशिक ने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों से संस्कार युक्त व गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल की तरफ से स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, डॉ. जसवंत सिंह, नीलम, निशा, सीमा, रोशन, सुष्मिता, भारती रानी, खुशबू, प्रदीप, चंद्रपाल, रवि, संजय जून व विनोद आदि उपस्थित रहे।

### *लक्ष्य कौशिक बने कार्यकारी सदस्य*



**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा के युवा एडवोकेट लक्ष्य कौशिक ने दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में बहुत ही कड़े मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 30 मतों से पराजित किया। साथ ही सबसे कम आयु का कार्यकारी सदस्य बनने में सफलता प्राप्त की है। पूर्व सरपंच एवं कवि-कलाकार विरेन्द्र कौशिक के सुपुत्र लक्ष्य ने इस पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में दर्जनों प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया। लक्ष्य ने अपनी सफलता को मित्रों के सहयोग के अलावा परिजनों व क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद का परिणाम बताया है। उन्हें बधाई देने वालों में ग्राम सरपंच जयभगवान शर्मा, मूलचंद जोशी, सतीश शर्मा, रमेश गुप्ता, प्रवीण शर्मा, कुलदीप जून, रमेश सुखीजा, सुनील बंसल, विनोद गिरधर, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, मुकेश बंसल, अश्विनी शर्मा, राहुल सिंगला आदि शामिल रहे।




बहादुरगढ़। टॉपर स्टूडेंट्स के साथ अशोक राठी व अन्य अतिथि। फोटो: हरिभूमि

## परनाला स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला के पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रिटायर्ड प्राचार्य संतोष कुमारी और सरपंच एसोसिएशन बहादुरगढ़ के प्रधान अशोक राठी ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य संतोष कुमारी, सुनीता दलाल, अश्वनी कुमार, प्रमोद, सतेंद्र, शिवचरण शास्त्री, पूजा शर्मा और अन्य अध्यापकों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आर्ट्स 11वीं में ऋषभ प्रथम स्थान, अजय द्वितीय और करण को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कॉमर्स में रजनीश को प्रथम, कामना को द्वितीय और सौरव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साइंस में प्राची को प्रथम, राजी को द्वितीय और विजय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी बच्चों को शिक्षा के साथ ही तमाम अन्य गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रमोद, परविंद्र, सचिन, जितेंद्र, प्रमोद, रमेश, प्रीतम, सूरज, प्रहलाद, कुलबीर, तेजपाल व बिट्टू आदि मौजूद रहे।

### पटाखा छोड़ने पर बुलेट बाइक का चालान करने पर पुलिसकर्मी से हाथापाई का आरोपी पकड़ा

**रेवाड़ी।** चौकी भाड़ावास गेट पुलिस ने पटाखा छोड़ने पर बुलेट बाइक का चालान करने वाले पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करने वाले आरोपी बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला नई बस्ती रेवाड़ी निवासी जयंत के रूप में हुई है राइडर नंबर 6 पर तैनात सिपाही अंकित ने बताया कि 27-28 मार्च की रात को वह होमगार्ड करण सिंह के साथ सरकुलर रोड पर चर्च के निकट अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक युवक बुलेट बाइक पर सामने से पटाखे छोड़ता हुआ आ रहा था। उसने रुकने का इशारा किया तो बाइक चालक नई बस्ती निवासी जयंत गुस्से में आ गया और हाथापाई पर उतारू हो गया, जिसको बाइक सहित काबू करके चौकी भाड़ावास गेट में लाया गया। चौकी में आने के बाद नियमानुसार अनुसार बाइक का चालान भी किया गया। चालान करने के बाद जयंत वहां से चला गया। जो कुछ देर बाद जयंत एक महिला के साथ स्कूटी पर फिर से भाड़ावास गेट चौकी में आया और उसके के साथ बदतमीजी करते हुए धमकी देने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।

### ज्वेलर्स की दुकान से लाखों के आभूषण लेकर फरार

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा स्थित ज्वेलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर आए दो व्यक्ति आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे भी कैद हो गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मेन बाजार धारूहेड़ा निवासी कंवर सिह सोनी ने पुलिस को बताया कि उसकी मेन बाजार में दुर्गे ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 28 मार्च दोपहर करीब 1:44 बजे उसकी दुकान पर बाइक से दो व्यक्ति आए और आभूषण दिखाने के लिए कहा। दुकानदार दोनों को आभूषण दिखाने लगा। इसी बीच दोनों व्यक्ति मौका पाकर करीब 7 लाख रुपये कीमत के 80 ग्राम आभूषण का डिब्बा लेकर फरार हो गए। दुकानदार को कुछ देर बाद आभूषण का डिब्बा गायब होने का पता चला।

## एसडीएम ने प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों का लिया जायजा

■ एसडीएम ने किसानों से बातचीत करके पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने शनिवार को उपमंडल के विभिन्न गांवों का दौरा किया और किसानों की प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो चुकी फसल का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जो भी नुकसान हुआ है, सरकार द्वारा उचित सहायता देकर प्रभावित हुए किसानों की मदद की जाएगी। एसडीएम विजय कुमार यादव ने गांव बोहतवास, गुड़ियानी, अहमदपुर, पड़तल व बाबडौली का दौरा किया और बारिश त्व ओले गिरने से कृषि पैदावार में हुई क्षति का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग की ओर से फसलों की गिरदावरी की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल हानि का विवरण अवश्य अपलोड कर दें, जिससे उनको फसल बीमा या सरकारी मुआवजा मिलने में कोई परेशानी न हो। एसडीएम ने किसानों से बातचीत करके पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। फसलों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेविकाएं एवं स्टॉफ सदस्य।

### स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

**झज्जर।** इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की। शिविर में सहायक प्राध्यापिका रितु यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए स्वयंसेविकाओं को डिजिटल साक्षरता विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरीके से डिजिटल फायदे होते हैं और किस तरीके से डिजिटल धोखाधड़ी हमारे साथ हो जाती है। उन्होंने बताया कि हमें इन समस्याओं से बचने के लिए कानूनी प्रक्रिया की जानकारी रखनी चाहिए ताकि हम खुद की मदद कर सके। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर सविता अहलावत, डॉक्टर सुदेश अहलावत सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### नंबरदारों की मीटिंग एक अप्रैल को

**झज्जर।** नंबरदार एसोसिएशन द्वारा आगामी एक अप्रैल को कच्चा तलाव रोड स्थित सैन धर्मशाला में मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के जिला प्रधान ओमप्रकाश अहलावत ने बताया कि प्रातः दस बजे से शुरू होने वाली इस मीटिंग में नंबरदारों के हकों व उनके मान सम्मान को लेकर चर्चा की जाएगी।

## यात्रा के माध्यम से एससी व बीसी का बैकलॉग भरना मुख्य मांग : मनोज

# कई गांवों में पहुंची जन जागृति यात्रा

■ गोहाना की खटीक धर्मशाला में 6 अप्रैल को जन जागृति यात्रा के समापन पर प्रोग्राम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संवैधानिक अधिकारों को लागू करवाने के लिए 15 जनवरी से शुरू हुई जन जागृति यात्रा शनिवार को सांखोल, बामड़ोली, कुलासी, खेड़ी जसौर व निलोठी गांव में पहुंची। ग्रामीणों को बताया कि गोहाना की खटीक धर्मशाला में 6 अप्रैल को जन जागृति यात्रा के समापन पर प्रदेश स्तरीय प्रोग्राम होगा। मनोज कटारिया ने बताया कि यात्रा के माध्यम से एससी व बीसी का बैकलॉग भरना हमारी मुख्य मांग है। इसे लेकर 3 फरवरी को सीएम नायब सिंह सैनी को मांग पत्र सौंपा था। किसानों की फसल के लिए एमएसपी लागू की जाए। एचकेआरएम में भी आरक्षण लागू हो। सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद पुरानी पेंशन मिले। परिवार पहचान पत्र में सुधार हो। अवैध नशा बेचने वालों पर गैर जमानती एक्ट लगाया जाए। सरप्लस 52 हजार एकड़ जमीन अनुसूचित जाति समाज को दी जानी चाहिए।


बहादुरगढ़। यात्रा में मौजूद ग्रामीणों के साथ आयोजक। फोटो :हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर अजय भम्भेवा, श्रीभगवान दहिया, रामचंद्र दुजाना, रामकिशन शिवाना, अमित तंवर, धर्मबीर, सुरेंद्र मलिक, अशोक भोला, विजय खटक, नरेश दुबे, जयपाल, तकदीर बरहाना, जितेंद्र कटारिया, मनीष चाहलिया व रितिक आदि मौजूद रहे।


झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित होनहार प्रतिभागी एवं महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### युगल गीत प्रतियोगिता में काव्यांजलि और मेघा ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के संगीत विभाग में युगल गीत प्रतियोगिता का आयोजन संगीत विभागाध्यक्ष डॉक्टर तमसा और डॉक्टर टीना चावला ने किया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की काव्यांजलि और बीएससी तृतीय वर्ष की मेघा पहले स्थान पर रही। बीए तृतीय वर्ष की दामिनी और बीए तृतीय वर्ष का चंद्रू दूसरे स्थान पर रहे। बीए द्वितीय वर्ष की मुस्कान और बीए प्रथम वर्ष की तन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि संगीत से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आधुनिक तनावग्रस्त जीवन शैली में म्यूजिक थैरेपी का बहुत महत्त्व है क्योंकि शारीरिक रोग से मुक्ति मिलना आसान है लेकिन मानसिक रोग से निजात पाना मुश्किल है। संगीत मृतप्राय व्यक्ति में भी जान डाल सकता है। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर तमसा, डॉक्टर प्रियंका और डॉक्टर टीना चावला ने किया। मंच संचालन बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु ने किया।

# स्वयंसेवियों को किया नेत्रदान के लिए प्रेरित

■ नेत्रदान करवाने के लिए जागरूकता अभियान में शामिल होने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन द्वारा क्षेत्र के गांव कैमलगढ़ में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों को नेत्रदान के प्रति जागरुक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि शिविर में सभी स्वयंसेवकों ने नेत्रदान संकल्प फॉर्म भरते हुए नेत्रदान कराने के लिए जागरूकता अभियान में शामिल होने की शपथ भी ली। जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने किशोरावस्था में आने वाले बदलाव के बारे जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में सकारात्मकता लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों की किशोरावस्था में रहते समय रहते सरकार द्वारा चलाई जा रही मित्रता क्लीनिक में काउंसलिंग करानी चाहिए। स्वयंसेवियों को मोबाइल का गलत उपयोग न करने व अच्छे खान-पान के लिए भी प्रेरित किया। इसके अलावा स्वावलंबन की पहचान, आत्मनिर्भर हो हिंदुस्तान, स्वावलंबन की राह, प्रगति की चाह के नारों से स्वयंसेवियों द्वारा जन समुदाय को जागरूक किया गया। संस्थान के सहायक प्रोफेसर सतपाल ने संबंधित विषय पर व्याख्यान देते हुए स्वयंसेवियों को बताया कि थोड़ी जानकारी तथा स्किल से वे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकते हैं।


झज्जर। शिविर में शिक्षकों के साथ मौजूद स्वयंसेवीं। फोटो :हरिभूमि

**स्वयंसेवियों ने श्रमदान किया**

इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान भी किया गया। इस मौके पर नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर तन्वी, जिला नेत्रदान काउंसलर नरेंद्र, आप्थाल्मिक असिस्टेंट डा. मोनिका, डा. निकिता, एनएसएस यूनिट के सहयोगी नवबहार , दीपक सैनी, एडवोकेट भोमपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# हिंदू नववर्ष मनाने को लेकर किया मंथन

■ आज निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा एवं प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय अराजनैतिक संगठन द्वारा महंत मिथलेश दास के नेतृत्व में हिन्दू नववर्ष मनाने को लेकर विचार - विर्मश किया गया।

मीटिंग के दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष मास्टर देवेंद्र बिरोहड़ ने कहा कि रविवार को परमार्थ मंदिर में सुबह आठ बजे जहां हवन कार्यक्रम का आयोजन वहीं 10 बजे कलश व प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस मौके पर इंद्र कौशिक, महंत संदीपानंद, धर्म जागरण प्रमुख उदयभान शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सह खंड कार्यवाहक डॉक्टर जिले सिंह, संदीप राजपूत, विजय राजपूत, ईश्वर जांगड़ा, डॉक्टर रामनारायण, भान राजपूत, पंकज, उपेन्द्र राजपूत, विशाल जोशी, शुभम मित्तल, अनिल अग्रवाल, देशराज राजपूत, डॉक्टर बलवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। मीटिंग के दौरान मौजूद दीनदयाल उपाध्याय अराजनैतिक संगठन सदस्य।

# नन्हें विद्यार्थियों को गाऊन व हैट पहनाकर किया सम्मानित



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होनहार विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ सदस्य एवं अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

■ कक्षा पर्यवेक्षकों ने विद्यार्थियों के वार्षिक परिणाम से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एम आर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर में यूकेजी कक्षा की ग्रेजुएशन सेरेमनी 2024- 25 आयोजित की गई। तीन साल बाद नर्सरी के विद्यार्थी अपना प्री-प्राइमरी कक्षाओं का सफर तय कर पहली कक्षा में प्रवेश करते हैं उनके इसी पल को यादगार बनाने के उद्देश्य से स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यालय प्रबंधक के साथ मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पित करके किया। इस अवसर पर कक्षा पर्यवक्षकों ने विद्यार्थियों के वार्षिक परिणाम से अवगत कराया। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यार्थियों को उनके बेहतर परिणाम पर बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सेरेमनी की पारंपरिक पोशाक गाऊन व हैट में प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मंच संचालन मंजू मल्हान ने किया। समारोह के समापन पर प्राचार्या नेहा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास प्रारंभिक अवस्था से ही शिक्षकों के द्वारा विकसित किया जाता है। आत्मविश्वास द्वारा ही बच्चे जीवन में सफलता हासिल करते हैं। उनके व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास करने में अभिभावकों तथा शिक्षकों को अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### उल्लास परीक्षा को लेकर डीईओ ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**झज्जर।** रविवार को होने वाली नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास की दूसरे चरण की परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना की अध्यक्षता में एक जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने मीटिंग में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारियों, खंड समन्वयक, स्कूल मुखिया एवं शिक्षकों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार का यह कार्यक्रम एक सामाजिक जागरूकता तथा जन चेतना का कार्यक्रम है। कार्यक्रम का उद्देश्य उन सभी व्यक्तियों को शिक्षा ग्रहण करने का एक मौका देना है जो किसी कारणवश अपने समय पर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों तथा सभी शिक्षाविदों से बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान करते हुए सभी अग्रणी सर्वेयर अध्यापकों व अन्य लोगों को भी इस समाज सेवा के कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयिका वंदना भारद्वाज ने परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश व अन्य सूचनाएं सांझा करते हुए बताया कि यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच लर्नर की सुविधा के अनुसार 3 घंटे की होगी।

परीक्षा सम्बंधित प्रश्न पत्र, रजिस्ट्रेशन फॉर्म तथा अन्य सामग्री सभी खंडों में वितरित की जा चुकी है। दूसरे चरण की परीक्षा में लगभग छह हजार निरक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# एचडी साल्हावास में द्वितीय चरण का वार्षिक परिणाम घोषित

## 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 215 विद्यार्थियों को 1 लाख 24 हजार रुपये से सम्मानित किया

■ विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार को एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में द्वितीय चरण का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें दूसरी से पांचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त की और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 215 विद्यार्थियों को 1 लाख 24 हजार रूपये से सम्मानित किया गया। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राइमरी हेड नीलम कुमारी ने बताया कि दूसरी कक्षा से 69 विद्यार्थियों, तीसरी कक्षा से 40 विद्यार्थियों, चौथी कक्षा से 49 विद्यार्थियों और पांचवीं कक्षा से 57 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एचडी ग्रुप निदेशक रमेश गुलिया ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण आंचल की प्रतिभाओं को निखारना हमारा मुख्य उद्देश्य है। यहां शिक्षा व खेलों के साथ-साथ सहगामी क्रियाओं में भी बच्चों को अग्रणीय रखा जाता है।

विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 215 विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, शील्ड व आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया।


झज्जर। होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सेहलंगा गांव में शहीद बलबीर सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**झज्जर।** शनिवार को सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गांव सेहलंगा में शहीद बलबीर सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने शहीद बलबीर सिंह को नमन करते हुए कहा कि शहीदों और शहीद के परिवार का सम्मान सबसे ऊपर है। सरकार न केवल शहीद के परिवारजनों को पूरा सम्मान दे अपितु यह सुनिश्चित करे कि किसी भी शहीद के परिजन अभाव में अपना जीवन व्यतीत न करें। उन्होंने कहा कि शहीद बलबीर सिंह की शहादत पर हम सभी को गर्व है और उनकी शहादत हरियाणा के युवाओं को फौज में भर्ती होकर देशसेवा करने के लिए हमेशा प्रेरणा देने का काम करेगी। इस अवसर पर विधायक गीता भुक्कल सहित अन्य भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गांव सेहलंगा के साधारण किसान परिवार में जन्मे शहीद बलवीर सिंह डागर ने देश के लिए तीन युद्ध लड़े, जिसमें 1962 चीन के खिलाफ, 1965 पाकिस्तान और 1971 पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। 28 साल की कम उम्र में ही उन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में लोगों को किया रक्तदान के लिए प्रेरित

**झज्जर।** शनिवार को महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस तथा एनएसएस ईकाई द्वारा आयोजित इस शिविर में प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्त प्रदान करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने भी शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में ब्लड बैंक टीम से डॉक्टर रेखा, नर्सिंग ऑफिसर ममता देवी, कविता तथा उनकी टीम ने रक्त संचयन का कार्य किया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर अनु बरवड़ व रेडक्रॉस प्रभारी डॉक्टर सोनिया गोयल ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नियमित अंतराल में रक्तदान करने की प्रेरणा दी।


झज्जर। रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद शिक्षक एवं छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## न्यायिक प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# हाईकोर्ट के जज ने किया अदालत परिसर का निरीक्षण

■ न्यायालयों की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जज त्रिभुवन दहिया ने शनिवार को बहादुरगढ़ न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान लघु सचिवालय में जल्द ही पोस्ट ऑफिस शुरू होने का ऐलान किया गया। हाईकोर्ट के जज त्रिभुवन दहिया शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के साथ बहादुरगढ़ न्यायालय परिसर में पहुंचे। यहां एसडीजेएम सोनिया श्योकंद, जेएमआईसी आशिमा गर्ग, जेएमआईसी सुमन व जेएमआईसी मनीषा ने उनका स्वागत किया। बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर, सचिव कपिल भारद्वाज, उपप्रधान राकेश चंद्र, सह सचिव इंदू राठी व कोषाध्यक्ष चिराग कौशिक समेत अन्य वकीलों ने भी उनका स्वागत अभिनंदन किया। डीसीपी मयंक मिश्रा व एसडीएम नसीब कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। प्रधान रविन छिल्लर ने बताया कि अधिवक्ता लंबे समय से परिसर में डाकघर खोलने की मांग कर रहे थे। इसके शुरू होने से उन्हें सहूलियत होगी। बैंक शाखा भी खुलवाने का प्रयास है। उन्होंने चैंबर कॉम्पलेक्स विस्तार की मांग भी रखी।


बहादुरगढ़। हाईकोर्ट के जज त्रिभुवन दहिया का स्वागत करते अधिवक्ता।

**मामलों के शीघ्र निपटान के उपायों पर विचार-विमर्श किया**

जज त्रिभुवन दहिया ने न्यायिक अधिकारियों से चर्चा कर मामलों के शीघ्र निपटान के उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने केस डिस्पोजल रेट, फैसलों में देरी के कारणों और न्यायालय प्रशासन में सुधार की संभावनाओं पर भी विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायाधीश ने सभी अदालतों का दौरा कर न्यायिक प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### राहगीरों को बांटा कढ़ी-चावल का प्रसाद

**झज्जर।** महर्षि वाल्मीकि चौक स्थित सीताराम गेट के व्यापारियों ने मिलकर राहगीरों के लिए कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोगों और राहगीरों ने कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। अमावस्या सेवा समिति के रमेश गुर्जर ने बताया कि शहर के सामाजिक एवं धार्मिक लोगों व सीताराम गेट चौक के सभी दुकानदारों ने आपसी सहयोग से अमावस्या के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारा करते हैं। पौराणिक मान्यता है कि हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का अत्यधिक महत्व होता है। चैत्र मास का महीना दान-पुण्य के लिए बेहद शुभ माना जाता है। अमावस्या पर लोगों को भोजन करना पुण्य का काम होता हैं। इस आयोजन में व्यापार मंडल प्रधान राकेश अरोड़ा, अशोक जौंधी, कृष्ण यादव रामपुरा, रमेश गुर्जर, मोनू सैनी, विनोद सैनी, ओपी सैनी, हवा सिंह सैनी, गोगी हलवाई, सुंदर सैनी हलवाई, सते सैनी हलवाई, चन्द्र भान मिस्त्री, सुरेंद्र, जयभगवान, कृष्ण यादव, दीपक सैनी, रमेश गुर्जर, श्याम, सोनू गहलोत, सोनू, विनोद सैनी का सहयोग रहा।

# खबर संक्षेप

## बहादुरगढ़ में कल निकलेगी गणगौर यात्रा

**बहादुरगढ़।** राजस्थान सेवा समिति बहादुरगढ़ द्वारा गणगौर का उत्सव सोमवार 31 मार्च को पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष मूलचंद जोशी ने बताया कि पूजन सोमवार सुबह 9 बजे मॉडल टाउन की गली नंबर में सुखदेव ठेकेदार के मकान में होगा। ईशर-गणगौर की सवारी सायं 4 बजे पूजन स्थल से ही निकलेगी।

## 401 ग्राम गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए वन बहादुरगढ़ की टीम ने नशीले पदार्थ गांजे के साथ एक आरोपी को काबू किया। प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अनिल को बाग वाला मोहल्ला में काबू किया गया। नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 401 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते थाना शहर बहादुरगढ़ में मामला दर्ज किया गया।

## कोठड़े में आग लगने से सामान जला

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल के एक खेत में बने कोठड़े में अज्ञात कारणों से लगी आग से उसमें रखा सामान जल कर राख हो गया। पुलिस को दी शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि उसने अपने खेत में सामान रखने देर रात तक काम के बाद रुकने के लिए एक कोठड़ा बनाया हुआ है। वह बीती 27 मार्च की शाम अपने कोठड़े को ताला लगाकर आया था। जब सुबह वह वापिस खेत पहुंचा तो वहां कोठड़े में आग लगी हुई थी जिस कारण कोठड़े में रखे पानी वाले दो पंखे, कांटा, गैस सिलेंडर, तख्त, खाद व अन्य सामान जल गया। पीड़ित ने कहा कि आग लगाने वाले व्यक्ति ने ट्यूबवैल के इंजन को क्षतिग्रस्त कर उसमें भी आग लगाने का प्रयास किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## क्रेडिट कार्ड से साढ़े 92 हजार निकाले, केस

**बहादुरगढ़।** शहर के देव नगर में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ 92 हजार 458 रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित कुलबीर सिंह एक कंपनी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि 17 मार्च को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। उसने बताया कि वह एचडीएफसी बैंक से बोल रही है और आपके क्रेडिट कार्ड पर 9999 रिवार्ड प्वाइंट आए हुए हैं। उसने ईमेल आईडी, पैन नंबर व पता पूछा। कुलबीर ने उसे क्रेडिट कार्ड का नंबर व सीवीवी तथा एक्सपायरी डेट बता दी। इसके उपरांत उसने ओटीपी भी बता दिया। इसके साथ ही उसके क्रेडिट कार्ड से 65 हजार 98 रुपए, 9999 रुपए व 17 हजार 361 रुपए कटने के मैसेज भी आ गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अभियोग अंकित किया है।

# खेड़ी जट्ट के पास कार पेड़ से टकराई हादसे में युवक की मौत, पांच घायल

■ पोते की मौत का सदमा नहीं सह पाया दादा, हार्ट फेल ■ बीए प्रथम वर्ष का छात्र था भोलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव खेड़ी जट्ट के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में कार सवार पांच युवकों में से एक की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान खेड़ी जट्ट गांव निवासी करीब बीस वर्षीय भोलू पुत्र कुलदीप के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के उपरांत ग्रामीणों द्वारा राहगीरों की सहायता से सभी कार सवार घायलों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने भोलू को मृत घोषित कर दिया। कार में सवार घायलों में अजय, मंजीत, सूरज, रमेश व मोहित शामिल हैं जो स्थानीय नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। मृतक भोलू बादली के कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था और उसका एक भाई और एक बहन है तथा पिता खेती-बाड़ी का काम करते हैं। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि भोलू बादली कॉलेज से पढ़ाई करके गांव के बस स्टैंड पर पहुंचा तो वहां से घर आने के लिए गांव के ही युवक रमेश की कार में बैठ गया। कार की गति तेज होने के कारण संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई। पुलिस ने इस मामले में मृतक भोलू के पिता कुलदीप के बयान पर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

■ मृतक के पिता की शिकायत पर चालक के खिलाफ केस दर्ज



**झज्जर।** अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

### अत्तर सिंह को अपने पोते भोलू से गहरा लगाव था



भोलू। फाइल फोटो

भोलू की मौत खबर सुनकर उससे दादा के भाई अत्तर सिंह की भी हार्ट फेल होने से मौत हो गई। वे करीब अस्सी वर्ष के थे। अत्तर सिंह का पोते से गहरा लगाव था।

# पुलिस ने शहर की सड़कों से हटवाया अतिक्रमण



**बहादुरगढ़।** सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस और प्रशासन ने शनिवार को सेक्टर-6 की तीसरी पुलिया के निकट अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। एसीपी दिनेश कुमार की अगुवाई में रोहतक रोड पर बड़ी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कई लोगों ने सड़क किनारे अवैध कब्जा कर रखा था। इससे आए दिन यातायात जाम की स्थिति बनती थी। यातायात पुलिस पहले भी नगर परिषद के साथ इस तरह के अभियान चला चुकी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान शहर के सभी इलाकों में चलाया जा रहा है। जहां भी अतिक्रमण से यातायात प्रभावित होता है, वहां कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने लोगों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने प्रतिष्ठानों को निर्धारित सीमा में ही रखें। इससे शहर का यातायात व्यवस्थित रह सकेगा।

# सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय कॉलेज में सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी सतीश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात के नियमों का पालन करने और नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरुक किया।

इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात के नियमों का पालन करके हम अपने साथ ही सामने वाले के जीवन को भी सुरक्षित रख सकते हैं। छोटी सी गलती मानव जीवन को मुश्किल में डाल सकती है। हमें नशे का सेवन नहीं करना चाहिए। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें। इस दौरान एसआई सत्यप्रकाश, सत्येंद्र दहिया और एनएसएस प्रभारी रेनू भी मौजूद रही।

# पीपीपी में त्रुटियों से नागरिक परेशान

**बहादुरगढ़।** आमजन की परेशानी का कारण बने परिवार पहचान पत्र को लेकर धर्मवीर सैनी ने भी खुलासा किया है। धर्मवीर सैनी के अनुसार पीपीपी में गरीब लोगों की अत्यधिक इनकम दिखाकर सरकारी सुविधाएं छीन ली गई है। राशनकार्ड काट दिए गए हैं। जातिगत कैटेगरी गलत चढ़ा रखी है। उन्होंने बताया कि सत्यवती पत्नी घनश्याम की फैमिली आईडी में उसकी जाति सामान्य कैटेगरी और बच्चों को बीसी-ए में दिखाया गया है। जबकि सैनी बीसी-बी में आते हैं। ऐसा ही मामला लाइनपार निवासी संजय पुत्र रामकुवार का था। इसमें पिता की जाति सैनी और बच्चों की कुम्हार दिखाई गई थी। इस मामले में उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिकायत भी की थी। फिर से सर्वे करवाकर लोगों की फैमिली आईडी को ठीक करवाना चाहिए।

# दिनभर चली तेज हवाएं, किसानों की चिंता बढ़ी



**झज्जर।** पिछले दो दिनों से चल रही तेज हवाओं ने जहां मौसम में ठंडक घोल दी है, वहीं किसानों की चिंताओं को भी बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि सरसों की कटाई की जा रही है, वहीं गेहूं की फसल भी पक कर तैयार है। ऐसे में अगर बारिश या तेज हवाएं चलती है तो किसानों को काफी नुकसान होगा। उधर, ठंडी तेज हवाओं के कारण एक बार फिर हल्की ठंड का अहसास करवाया। सुबह और सांय बुजुर्ग और बच्चे गर्म वस्त्र भी पहने दिखाई दिए। रविवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**बहादुरगढ़।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते स्कूल निदेशक व शिक्षिकाएं।

**बहादुरगढ़।** जौहरी नगर स्थित मान सिंह हाई स्कूल में शनिवार को वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्री नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। स्कूल निदेशक राजेंद्र सिंह छिकारा व निर्मला देवी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कक्षा 5वीं की छात्राओं आराध्य, मुस्कान, सौम्या व हर्षिता ने हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया। टॉपर विद्यार्थियों को शील्ड, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार, चांद सिंह, नरेश कुमार, हरिंद्र कुमार, कांता, पूनम, सुमन, पुष्पा, सुशीला, मुन्नी, रेणु, अंजली, पूजा, रिंकल, मीना, रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है : डॉ. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में शनिवार को संवेदना-2 के तहत एनसीआई एम्स बाढ़सा के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया व 40 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

■ शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। शिविर में डॉ. संदीप, टेक्नीशियन विपिन गौतम, गोपाल कौशिक, एमटीएस तरुण कुमार व महताब सिंह ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, मैनेजर पवन जैन, बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के सहसचिव एमसी जोशी व प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने पूरी टीम को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया। साथ ही रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाजसेवा और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करना हम सभी का कर्तव्य है। रक्त संचय कर रही टीम ने रक्तदान करने के फायदे भी गिनाए। डॉ. संदीप ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्त में हिमोग्लोबिन का प्रतिशत 12.5 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए।



**बहादुरगढ़।** रक्तदाता को प्रोत्साहित करते कॉलेज के पदाधिकारी व अन्य।



**झज्जर।** होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

# निबंध लेखन में दीप्ति ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय भारतीय किसानों के उत्थान और विकास में चौधरी छोटूराम का योगदान रहा। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की दीप्ति ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अन्नू दूसरे स्थान पर जबकि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर जगबीर गुलिया और डॉक्टर अजय कादियान ने किया। प्रतियोगिता का निर्णय प्राध्यापिका सुनीता बेनीवाल, डॉक्टर कुलदीप और अशोक कुमार ने किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10 × 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# बेरी में मां भीमेश्वरी देवी का चैत्र नवरात्र मेला आज से

■ श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

धर्मनगरी बेरी में मां भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में लगने वाला चैत्र नवरात्र मेला रविवार को पहले नवरात्र से ही शुरू हो रहा है। मुख्य मेला तीन अप्रैल से पांच अप्रैल तक चलेगा। नवरात्र मेले को लेकर जहां बाजार पूरी तरह से सज गए है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि मेला में पार्किंग, सुरक्षा, पीने के पानी, रात्रि के समय रोशनी के इंतजाम, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, एलईडी स्क्रीन,अग्निशमन सेवा आदि इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। वहीं सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। उधर, दिनभर श्रद्धालुओं ने नवरात्र पर्व के कारण व्रत व पूजन सामग्री की जमकर खरीददारी की। जिसके कारण अन्य दिनों की अपेक्षा बाजार में भीड़ अधिक रही।



**झज्जर।** बाजार में खरीदारी करते श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारीः माता भीमेश्वरी देवी नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए हैं। इन नंबरों पर काल करने पर तुरंत मदद मिलेगी। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि मेला परिसर में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में पुलिस सहायता के लिए 01251-297683 नंबर जारी किया गया है। जिस पर श्रद्धालुओं को 24 घंटे पुलिस सहायता उपलब्ध होगी,जबकि गुमशुदगी व खोया पाया सामान की सूचना के लिए 01251-296950 नंबर स्थापित किया गया है।

# सांखोल में दूषित जलापूर्ति और गलियों में भी गंदगी से लोग बेहाल

■ पेयजल लाइन लीक, नालियों का गंदा पानी मिक्स हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर ही नहीं, गांवों के निवासी भी दूषित जलापूर्ति से परेशान हैं। गांव सांखोल में पेयजल पाइपलाइन लीक होने के कारण नालियों का गंदा पानी नलों में मिक्स होकर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूषित जलापूर्ति से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीण सुमेर राठी, राजवीर राठी, जसपाल, सतबीर, राजेश, राजू, रामनिवास, बलराज, ओम राठी, जगदेव राठी व सतबीर आदि ने बताया कि सप्लाई चालू होने के बाद करीब 20 मिनट तक पानी बेहद गंदा आता है। व्यर्थ गंदा पानी बहने के कारण चौपाल वाली गली में गंदगी फैली रहती है। ग्रामीणों को इस गंदगी से ही गुजरना पड़ता है। दुर्गंध के कारण भी लोगों की हालत खराब रहती है। ग्रामीणों का जीवन नरक बना हुआ है। महिलाओं को दैनिक कार्य निपटाने में सर्वाधिक मुसीबत उठानी पड़ रही है।



**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में आ रहा दूषित पेयजल दिखाते ग्रामीण।

## चौपाल पर भी गंदगी का आलम

वहीं चौपाल पर भी गदंगी का आलम है। कई बार शिकायत करने के बावजूद हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं। यदि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, ग्राम सचिव व पंचायत ने इस समस्या का अतिशीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

